# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

## गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की 36वीं बैठक दिनांक 15.01.2024 (सोमवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे मा0 कुलपति, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| **शिक्षा सोसाइटी द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्यः** | | | |
| 1. | **प्रो0सुनील कुमार खरे**<br>डीन, आर एंड डी एंड<br>इंस्टीट्यूट चेयर प्रोफेसर ऑफ बायोकेमिस्ट्री<br>एंजाइम और माइक्रोबियलबायो कैमिस्ट्री लैब,<br>रसायनिकी विभाग<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, नई दिल्ली | सदस्य | ऑन लाईन उपस्थित |
| 2. | **प्रो0संतोष कुमार**<br>जीओलाजी डिपार्टमेंट,<br>सेंटर ऑफ एडवांस स्टडी, कुमाऊं विश्वविद्यालय,<br>नैनीताल, उत्तराखंड | सदस्य | उपस्थित |
| 3. | **प्रो0 शैलेंद्र सिंह गौरव**<br>पूर्व डीन, कृषि फैक्ल्टी<br>प्रोफेसर एवं पूर्व प्रमुख<br>जेनिटक एंड प्लांट ब्रीडिंग डिपार्टमेंट<br>चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय<br>मेरठ–240004 | सदस्य | उपस्थित |
| **कुलाधिपति द्वारा नाम निर्दिष्ट सदस्यः** | | | |
| 4. | **प्रो0 वंदना पाण्डेय**<br>प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड<br>सोशल साईसेंज | सदस्य | उपस्थित |
| 5. | **प्रो0संजय कुमार शर्मा**<br>प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ आई.सी.टी. | सदस्य | उपस्थित |
| **विश्वविद्यालय के आचार्य/अधिष्ठातागण/प्रभारी, अधिष्ठातागण** | | | |



18/1/24
Registrar
Gautam Buddha University
Greater Noida, (U. P.)

18/01/2024
Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | **प्रो0 एन.पी. मलकानियॉ**<br>प्रोफेसर,<br>अधिष्ठाता शैक्षिक<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी<br>अधिष्ठाता स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एण्ड एप्लाईड साइंसेज | सदस्य | उपस्थित |
| 7. | **प्रो0 श्वेता आनन्द**<br>प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बुद्धिष्ट स्टडीज एण्ड सिविलाईजेशन | सदस्य | उपस्थित |
| 8. | **डॉ0 इन्दु उप्रेति**<br>एसोशिएट प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, प्लानिंग एण्ड रिसर्च एवं<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट | सदस्य | उपस्थित |
| 9. | **डॉ0 कीर्ति पाल**<br>एसोशिएट प्रोफेसर<br>प्रभारी, अधिष्ठाता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग | सदस्य | उपस्थित |
| 10. | **डॉ0 कृष्णकांत द्विवेदी**<br>प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एण्ड गवर्नेस | सदस्य | उपस्थित |
| 11. | **डॉ0 मनमोहन सिंह सिसोदिया**<br>प्रभारी, छात्र कल्याण | सदस्य | उपस्थित |
| **सचिव प्रबन्ध बोर्डः–** | | | |
| 12. | **डॉ0विश्वास त्रिपाठी**<br>कुलसचिव<br>गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय | सचिव | उपस्थित |
| **प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा नामनिर्दिशिती सदस्यः** | | | |
| 13. | **प्रो0 विवेक कुमार**<br>प्रोफेसर<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली<br>नईदिल्ली | सदस्य | ऑन लाईन उपस्थित |
| | | | |
| 14. | **औद्योगिक विकास के प्रतिनिधि** | सदस्य | अनुपस्थित |



Registrar
Gautam Buddha University
Greater Noida, (U. P.)

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

## :: कार्यवाही का विवरण ::

प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों के स्वागत के साथ विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की 36वीं बैठक आरम्भ हुई।

| मद सं0 | मद का विवरण |
|---|---|
| 36.15.01 | **प्रबन्ध बोर्ड की 35वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**<br>विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 14.06.2023 को सम्पन्न हुई 35वीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 36.15.02 | **प्रबन्ध बोर्ड की 35वीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का विवरण।**<br>विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 14.06.2023 को सम्पन्न हुई 35वीं बैठक के कार्यवृत्त पर की गयी कार्यवाही को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 36.15.03 | **विश्वविद्यालय विद्या परिषद की दिनांक 05.01.2024 को सम्पन्न हुई 23वीं बैठक का कार्यवृत्त मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**<br>विश्वविद्यालय विद्या परिषद की दिनांक 05.01.2024 को सम्पन्न हुई 23वीं बैठक के कार्यवृत्त को मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 36.15.04 | **विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत दो सहायक आचार्यो को चयन समिति की संस्तुतियों के आधार पर स्टेज–I (Level-10) से स्टेज–II(Level-11) प्रदान किए जाने की** संस्तुति मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।<br>विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत दो सहायक आचार्यो डॉ माधुरी अग्रवाल एवं डॉ अनन्त सिंह को चयन समिति की संस्तुतियों के आधार पर स्टेज–I (Level-10) से स्टेज–II(Level-11) प्रदान किए जाने की संस्तुति को मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 36.15.05 | **विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के अन्तर्गत स्थापित विभिन्न शैक्षणिक विभागों हेतु सहायक आचार्यो की नियुक्तियों हेतु की गयी चयन की कार्यवाही मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।**<br>विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के अन्तर्गत स्थापित विभिन्न शैक्षणिक विभागों हेतु सहायक आचार्यो की नियुक्तियों हेतु की गयी चयन की कार्यवाही मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत की गयी। मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों की सहमति पर बन्द लिफाफे में प्रेषित चयन समिति की संस्तुतियों को खोला गया जिसके कम में चयन समिति द्वारा प्रेषित संस्तुतियों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र निर्गत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। |



Registrar
Gautam Buddha University
Greater Noida, (U. P.)

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

| | |
|---|---|
| 36.15.06 | **मा0 प्रबन्ध बोर्ड की 28वीं बैठक के मद संख्या–28.21.08 के कम में संविदात्मक संकाय संदस्यों के विनियमितीकरण के विषय में गठित समिति की संस्तुतियों को लागू किए जाने हेतु मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।**<br>मा0 प्रबन्ध बोर्ड की 28वीं बैठक के मद संख्या–28.21.08 के कम में संविदात्मक संकाय संदस्यों के विनियमितीकरण के विषय में गठित समिति की संस्तुतियों से मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों को अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में प्रबन्ध बोर्ड के समक्ष विश्वविद्यालय अध्यादेश के पैरा–17 में वर्णित प्रावधानों को पढ़कर सुनाया गया। सक्षम स्तर द्वारा जस्टिस राजेश टण्डन, पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता मे गठित समिति की संस्तुतियों से मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों को अध्यक्ष प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया। मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा सर्व सम्मत से विनियमितीकरण हेतु समिति की स्पष्ट संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए यह मत स्थिर किया गया कि विश्वविद्यालय में संकाय सदस्यों की नियुक्ति की तिथि से 03 वर्ष की सेवाऐं पूर्ण किये जाने की तिथि से नियमित कर दिया जाये तथा मा0 अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड/कुलपति के अनुमोदन के उपरांत उनके विनियमितीकरण सम्बन्धी आदेश निर्गत किये जायें। |
| 36.15.07 | **विश्वविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यो के पदोन्नति हेतु गठित समिति की संस्तुतियां मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।**<br>विश्वविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यो के पदोन्नति विषयक मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की संस्तुतियों का लिफाफा मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किया गया। उक्त बैठक में विश्वविद्यालय के जो संकाय सदस्य इससे लाभान्वित होने वाले थे, उन्हें इस बैठक से इस बिन्दु पर विरक्त किया गया।<br>बैठक में मा0 प्रबन्ध बोर्ड के कुछ सदस्यों द्वारा, विश्वविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों यथा असिस्टेंट प्रोफेसर एवं एसोशिएट प्रोफेसर की पदोन्नति विषयक संस्तुतियां एक नीतिगत मामला (Policy Matter) होने के दृष्टिगत एक बार परीक्षण कर लिए जाने का विचार/विमर्श किया गया।<br>मा0 अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड/कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों के पदोन्नति विषयक प्राप्त संस्तुतियों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर अपनी संस्तुति दिए जाने हेतु समिति के सदस्य नामित करने पर सहमति बनी। मा0 कुलपति/अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड द्वारा निम्नानुसार सदस्यों की समिति बनाई गईः–<br>1. प्रो0 सन्तोष कुमार, सदस्य प्रबन्ध बोर्ड – अध्यक्ष<br>2. प्रो0 संजय कुमार शर्मा, चेयरमैन, आई.क्यू.ए.सी.–सदस्य<br>3. प्रो0 शैलेन्द्र सिंह गौरव, सदस्य प्रबन्ध बोर्ड– सदस्य<br>उक्तानुसार समिति अपनी संस्तुतियां 10 दिवस के भीतर मा0 कुलपति महोदय, अध्यक्ष प्रबन्ध बोर्ड को प्रस्तुत करेगी तथा कुलसचिव, विश्वविद्यालय अधिनियम, परिनियम एवं अध्यादेश तथा आवश्यकतानुसार अन्य अभिलेख उक्त समिति को उपलब्ध करायेंगे। |
| 36.15.08 | **विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (A.C.P) / पदोन्नती किये जाने के लिए गठित समिति की संस्तुतियां मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।** |



Registrar
Gautam Buddha University
Greater Noida, (U. P.)

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

| | |
|---|---|
| | विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (A.C.P) / पदोन्नती किये जाने के लिए गठित समिति की संस्तुतियां मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किया गया। गठित समिति की संस्तुतियों को पढ़कर कुलसचिव द्वारा मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों को अवगत कराया गया। मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा संस्तुति के अनुसार अग्रेतर कार्यवाही किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| **36.15.09** | **मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद (प्रयागराज) में दायर रिट याचिका (ए) संख्या–13696/2023 में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी आदेश दिनांक 29.11.2023 के अनुपालन विषयक कार्यवाही माननीय प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।**<br>उपरोक्त तथ्यों से मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्य अवगत हुए तथा मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में अग्रेतर कार्यवाही किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| **36.15.10** | **विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों के रोस्टर हेतु गठित कमेटी की संस्तुतियां मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।**<br>उपरोक्त तथ्यों से मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्य अवगत हुए तथा रोस्टर समिति द्वारा समय–समय पर की गयी संस्तुतियों को अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| **36.15.11** | **विश्वविद्यालय में कार्यरत सहायक आचार्य (ऑन कान्ट्रेक्ट) के वेतन में बढोत्तरी किए जाने का प्रस्ताव मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।**<br>विश्वविद्यालय में कार्यरत सहायक आचार्य (ऑन कान्ट्रेक्ट) के वेतन में बढोत्तरी करते हुए यह राशि रू0 57,700/– प्रति माह किये जाने तथा विद्या परिषद की 23वीं बैठक की संस्तुति अनुसार इसे 01 जुलाई, 2023 से लागू किए जाने का प्रस्ताव मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया। |
| **36.15.12** | **श्री के. रगुपथी, सीनियर साइंटिफिक आफिसर का कार्य व्यवहार तथा आचरण मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ/दिशा–निर्देश हेतु प्रस्तुत।**<br>श्री के. रगुपथी, सीनियर साइंटिफिक आफिसर का कार्य व्यवहार तथा आचरण मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ/दिशा–निर्देश हेतु प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा प्रकरण को अत्यन्त गम्भीरता से लिया गया तथा सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रकरण पर जॉच अधिकारी नियुक्त किया जाये तथा जाँच अधिकारी द्वारा दी गयी संस्तुतियों के आधार पर अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जाँच अधिकारी नियुक्त किये जाने के लिए अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड/कुलपति को अधिकृत किया गया |
| **36.15.13** | **विश्वविद्यालय के मृतक कार्मिकों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर विश्वविद्यालय में सेवायोजित किये जाने का प्रस्ताव मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत।**<br>विश्वविद्यालय के मृतक कार्मिकों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर विश्वविद्यालय में सेवायोजित किये जाने का प्रस्ताव मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ |



Registrar
Gautam Buddha University
Greater Noida, (U. P.)

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

| | |
|---|---|
| | प्रस्तुत किया गया। मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गयाः–<br>1. स्व0 निजामउल्लाह पुत्र श्री इनामउल्लाह के मृत्यू के उपरान्त इनकी पत्नी श्रीमति रुबी अख्तर की नियुक्ति गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में अनुकम्पा के आधार पर अनुचर के पद पर मूल वेतन रू018,000.00 (वेतन बैंड रू05200-20,000 ग्रेड-पे रू01800.00 लेवल-1) प्रतिमाह पर किये जाने के प्रस्ताव को प्रस्ताव मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के द्वारा अनुमोदनार्थ प्रदान किया गया।<br>2. स्व0 संजीव कुमार पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह के मृत्यू के उपरान्त इनकी पत्नी श्रीमति रेखा चौधरी की नियुक्ति गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में अनुकम्पा के आधार पर अनुचर के पद पर मूल वेतन रू018,000.00 (वेतन बैंड रू05200-20,000 ग्रेड-पे रू01800.00 लेवल-1) प्रतिमाह पर किये जाने के प्रस्ताव को प्रस्ताव मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के द्वारा अनुमोदनार्थ प्रदान किया गया।<br>मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों का यह भी मत था कि मृतक आश्रितों के अनुकम्पा के आधार पर उपरोक्त दोनो आश्रितों को नियुक्ति से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि उ.प्र.शासन/विश्वविद्यालय नियमानुसार कुल नियुक्त संख्या के सापेक्ष कितने प्रतिशत को अनुकम्पा नियुक्ति दी जा सकती है। |
| **36.15.14** | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय पर विचार।**<br>**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नांकित प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये :–**<br>**1. अधिष्ठाता, स्कूल आफ आई.सी.टी. द्वारा मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों को अवगत कराया गया कि छात्रों की संख्या के सापेक्ष सकाय सदस्यों की संख्या कम है इसलिए स्कूल आफ आई.सी.टी. के सी.एस.ई. विभाग द्वारा 06 अतिरिक्त असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।**<br>मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत नियमानुसार यथाशीघ्र विज्ञापन प्रकाशित करते हुए06 अतिरिक्त असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति किये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>**2. विश्वविद्यालय में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर (आन कान्ट्रेक्ट) के वेतन एवं अन्य सुविधायें असिस्टेंट प्रोफेसर के समान वेतन पर किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।**<br>बैठक मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों को अवगत कराया गया कि यह सभी असिस्टेंट प्रोफेसर (आन कान्ट्रेक्ट) लगभग 13-14 वर्षो से कार्यरत हैं तथा इन्हें नियमित संकाय सदस्यों के भॉति ही अवकाश एवं अन्य सुविधायें अनुमन्य है परन्तु यह सभी समेकित वेतन पर कार्यरत हैं। अतः इन्हें भी वेतन एवं अन्य सुविधायें असिस्टेंट प्रोफेसर के समान वेतन पर किये जाने का प्रस्ताव मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा प्रकरण पर अग्रेतर कार्यवाही तथा कार्य योजना तैयार करने हेतु एक समिति का गठन किये जाने तथा समिति द्वारा की गयी संस्तुतियों को आगामी प्रबन्ध बोर्ड की बैठक में रखे जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय, अध्यक्ष प्रबन्ध बोर्ड को अधिकृत किया गया। |



Registrar
Gautam Buddha University
Greater Noida, (U. P.)

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

| | |
|---|---|
| | 3. मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों को अवगत कराना है कि श्री शीलेन्द्र कुमार शर्मा, लेखाधिकारी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के लेखाधिकारी के पद से दिनांक 31.12.2023 को सेवानिवृत्त हो गये है, विश्वविद्यालय में समसमेस्टर का प्रारम्भ दिनांक 08.01.2024 से हो चुका है, जिसके लिए पंजीकरण के समय विश्वविद्यालय शुल्क छात्र–छात्राओं से लिया जाना है तथा उक्त कार्यो के निरीक्षण व छात्र–छात्राओं की समस्याओं के निराकरण की आवश्यकता है।<br>विश्वविद्यालय में लेखाधिकारी की अनुपस्थित में कार्य करने में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। वर्तमान में लेखाधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रचलन में है, जिसमें समय लगने की सम्भावना है। उक्त के दृष्टिगत श्री शीलेन्द्र कुमार शर्मा, सेवानिवृत्त, लेखाधिकारी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की सेवाओ की विश्वविद्यालय को आवश्यकता के दृष्टिगत कार्यालय आदेश जी.बी.यू–029/प्रशा/अधि.प्र./44/2024–815 दिनांक 04.01.2024 के माध्यम से प्रथमतः 06 माह की अवधि के लिए समेकित मानदेय धनराशि रू0 45,000/– प्रतिमाह पर लेखाधिकारी (संविदा) के पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। उपरोक्त प्रस्ताव मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों के संज्ञानार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।<br>मा0 प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।<br><br>मा0 प्रबन्ध बोर्ड के अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई। |

Registrar
Gautam Buddha University
Greater Noida, (U. P.)

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)